खण्ड-8 संख्या-25

# दशम
# बिहार विधान-सभा

बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित )

वृहस्पतिवार तिथि 30 जुलाई, 1992 ई०।

सत्यमेव जयते

शैलेन्द्र यादव की हत्या हुई, मनोज महतो की हत्या हुई, नसीम खाँ, पप्पु खाँ, सत्ती यादव की हत्या दिन दहाड़े मधुबनी बाजार में कीगयी । किशोरी सिंह की जो हत्या की गयी उसमें दलित लोगों को फंसाया गया है गुंडा ऐक्ट में लाया गया है और उसमें कहा गया है कि विधायक पप्पु यादव कुख्यात अपराधकर्मी हैं उसके गिरोह के सदस्य हैं। मुझे एक कुख्यात अपराधकर्मी कहा गया है। यह सदन सर्वोपरि है। यह सदन  की गरिमा की बात है। मैं आग्रह करता हूँ कि इसकी जाँच कराई जाये और जिलाधिकारी के विरूद्ध प्रीवीलेज का मामला बनता है।

**अध्यक्ष :-** आप कृपया अपना प्रीविलेज मोशन लिखित रूप मे मुझे दे दें।

## शून्य काल :

### (क) जमीन पर जबरन कब्जा :

**श्री राम जतन सिन्हा :-** अध्यक्ष महोदय, सामाजिक न्याय की सरकार ने कंकड़बाग हनुमान नगर स्थित सादिक पुर के भागवत मल्लाह  की सात बीधा जमीन पर कुछ अपराधी तत्वों एवं संजय गृह निर्माण समिति के सदस्यों द्वारा जबरन कब्जा कर कंकड़बाग पुलिस और पटना पुलिस की मिलिभगत से उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद उस हरिजन मल्लाह की जमीन पर खाता नं० 353 प्लौट नं०- 842,843,845,855,854,862,866 एवं 874 पर मकान बनाये जा रहे हैं। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ और शीघ्र कार्रवाई की

मांग करता हूँ । ताकि निर्माण कार्य बंद किया जा सके। मुख्यमंत्री जी बैठे हुऐ है एक मल्लाह की जमीन है। संजय गृह निर्माण समिति द्वारा मकान बरबस बनाये जा रहे हैं।

### (ख) जलाशय परियोजना शीघ्र चालू करना :

**श्री विजय शंकर पांडे :-** अध्यक्ष महोदय, हमारे क्षेत्र में दुर्गावती जलाशय परियोजना का कार्य विगत दो वर्षो सें पूर्णतः बंद है। हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी परियोजना स्थल पर गये थे। और वहां माननीय मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री ने घोषण की थी कि 1992 में इससे पानी देंगे। लेकिन वस्तुस्थिति है कि आज इस परियोजना का कार्य पूर्णतः बंद है। इसी सदन में माननीय सिंचाई मंत्री ने व्यान दिया था कि इस योजना का कोई सामान अपने जमनिया पम्प कैनाल या बुहरा पम्प कैनाल में नहीं ले गये हैं। लेकिन उसका सबूत है इस सदन में देता हूँ जिसमें लिखा गया है कि 13 मे०ट० छड़ और चार हजार बोरे सिंमेंट वहां से ले करके अपनी योजना में ले गये हैं और दुर्गावती जलाशय योजना का कार्य पूर्णतः बंद है। मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ कि कार्य अविलम्ब प्रारम्भ करें जिससे वहां की जनता को सिंचाई की सुविधा मिल सके।

**श्री लालू प्रसाद :-** महोदय, माननीय विधायको के विषय में, जान पर खतरे के विषय में आपका

स्मरण होगा, माननीय सभी दलों के नेताओं को मालूम होगा महोदय, इस